>

Title: Need to protect the interests of Cumin seed growers of Unjha, district Mehsana, Gujarat.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय मेरे संसदीय क्षेत्र में जीरा का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है और यहां के जीरा की क्वालिटी भी बहुत ही अच्छी है। इस संसदीय क्षेत्र में ऊंझा जीरा का एक अंतर्राÂष्ट्रीय बाजार है। यहां पर जो फारवर्ड मार्किट कमीशन है. वह किसानों से 25 प्रतिशत का मार्जिन ले रहा है जो अनुचित है और किसानों के साथ अन्याय है। यहां पर जीरा का उत्पादन ज्यादा होता है पर एक ही लैबोरेटरी काम कर रही है। कम से कम यहां पर दो लैबोरेटरी होनी चाहिए। इसकी शिकायत एफ एम सी को गई है परन्तु किसानों के हित में अभी तक कोई कार्यवाही, नहीं की गई है। मैं स्वयं किसानों के प्रतिनिधियों के साथ सचिव, उपभोक्ता मामले में मिल चुका है परन्तु कोई परिणाम नहीं निकला है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि ऊंझा में जीरा किसानों पर एनसीडीईएक्स द्वारा उत्पन्न की गई समस्याओं को तुरन्त रोका जाये और ऊंझा मेंदो लैबोरेटरी की स्थापना की जाये।